SAMAGRA SHIKSHA KERALA

ANNUAL EVALUATION 2024-2025

Third Language

909

STD. IX

HINDI

A

Time : 90 Minutes
Score : 40

सामान्य निर्देश :

- पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ़ टाइम है। इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखें।

सूचना : 'झटपट और नटखट' कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> नटखट ने रोते-रोते कहा, "तुम घर जाकर माँ से मेरी शिकायत करोगे।" "अगर न करूँ, तो ?" "तो जो कहो।" नटखट का रोना बंद हो गया। "मुझे कागज़ की नाव बनाना नहीं आता। तुम सिखा दोगे ?" "हाँ, उसमें क्या है!" नटखट खुश होकर बोला, "पर मुझे तैरना नहीं आता। तुम सिखा दोगे ?" "हाँ, उसमें क्या है!"

1. नमूने के अनुसार लिखें। 1

नटखट रोता है।	नटखट रो रहा है।
माँ सुनती है।	माँ...............................

2. कागज़ की नाव बनाना कौन सिखाएगा ? 1

3. नटखट ने अपना अनुभव बताते हुए मित्र के नाम पर पत्र लिखा। नटखट का पत्र कल्पना करके लिखें। 4

अथवा

कहानी की इस घटना के आधार पर पटकथा का दृश्य लिखें।

सूचना : 'गांधीजी की घड़ी चोरी चली गई' लेख का अंश पढ़कर प्रश्न 4 और 5 के उत्तर लिखें।

> आखिर माउण्टबेटन ने पूछा कि क्या बात है ? गांधीजी बोले, "इस कूलर को प्लीज़ बंद कर दीजिए, मुझे सर्दी लग रही है।" इस तरह अपनी शान दिखाने का पहला मौका वायसरॉय से छिन गया। खैर, बातें होती रहीं। लेकिन गांधीजी ने कोई खास रुचि नहीं ली।

4. 'मुझे' में निहित सर्वनाम कौन-सा है ? 1

5. उपर्युक्त संदर्भ के आधार पर गांधीजी और माउण्टबेटन के बीच की संभावित बातचीत लिखें। 4

सूचना : "कब तक ?" कविता की पंक्तियाँ पढ़ें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> कब तक जोहते रहोगे
> अपनी पहचान जानने
> के लिए दूसरे का मुँह
> और कब तक आसरे में
> रहोगे कि कोई आए
> और तुम्हारे लिए लड़े।

6. 'कब तक ?' कविता किसकी रचना है ? 1

(क) सुधा उपाध्याय की (ख) मंगलेश डबराल की
(ग) वंदना टेटे की (घ) स्वयं प्रकाश की

7. समान आशयवाली पंक्तियाँ चुनकर लिखें। 2

> ऐसी प्रतीक्षा मत करो कि तुम्हारे लिए संघर्ष करने कोई आएगा।

8. कवि और कविता का परिचय देते हुए इन पंक्तियों का आशय लिखें। 4

सूचना : 'राजा और विद्रोही' नाटक का यह अंश पढ़ें और 9 से 11 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

सेनापति	:	आज मेरे पास कोई अधिकार नहीं है महाराज !
राजा	:	न्यायाधीश ! ऐसे बदमाशों को तुम सज़ा क्यों नहीं देते ?
न्यायाधीश	:	इसलिए कि न्याय इन्हींके हाथ में है। और इनके साथ पूरी सेना भी है। आप भी अब खामोश रहिए। राजमुकुट उतार दीजिए। जनता की भीड़ में मिल जाइए।

9. किसने राजा से राजमुकुट उतारने को कहा ? 1

10. न्यायाधीश जनता को सज़ा क्यों नहीं देता है ? 2

11. संकेतों की मदद से राजा के चरित्र पर टिप्पणी लिखें। 4

- शक्ति पर घमंड करनेवाला
- चापलूसी पसंद करनेवाला
- युद्ध में तत्पर रहनेवाला
- बदलाव को स्वीकार करनेवाला

अथवा

सही मिलान करें।

राजचारण	राजा के प्रति विद्रोह का नेतृत्व करता है।
राजेन ने	हेम के पक्ष में है।
हेम	राजा की चापलूसी करता है।
जनता	जितेन को अपना मंत्री बनाया।

सूचना : 'बोनज़ाई' कविता की पंक्तियाँ पढ़ें, प्रश्न 12 और 13 के उत्तर लिखें।

तुमने आँगन से खोदकर
मुझे लगा दिया सुंदर गमले में
फिर सजा लिया घर के ड्राइंग रूम में
हर आने जाने वाला बड़ी हसरत से देखता है
और धीरे-धीरे मैं बोनज़ाई में तब्दील हो गई

12. यहाँ 'परिवर्तित' के अर्थ में प्रयुक्त शब्द कौन-सा है ? 1

(क) गमला (ख) तब्दील
(ग) आँगन (घ) हसरत

13. 'धीरे-धीरे मैं बोनज़ाई में तब्दील हो गई' -से आपने क्या समझा ? 2

सूचना : 'घर, पेड़ और तारे की याद' लोककथा का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 14 और 15 के उत्तर लिखें।

तभी दरवाज़ा खुला। एक लड़का और एक लड़की अंदर आए और उन्होंने खाने के लिए कुछ माँगा। "बच्चो, पास आओ।" उस बूढ़े आदमी ने कहा, "आज रात हमारे साथ रहो। हमारे बच्चे अगर हमारे पास होते तो बिलकुल तुम्हारे जैसे सुंदर होते।" कहते-कहते उसके आँसू आ गए।

14. विशेषण शब्द चुनकर लिखें। 1

(क) दरवाज़ा (ख) लड़का (ग) बूढ़े (घ) आँसू

15. सालों के बाद बच्चों की वापसी से पिताजी बहुत खुश हुए। पिताजी की उस दिन की **डायरी** लिखें। 4

अथवा

कई बच्चे आज भी युद्ध के शिकार हैं। संकेतों की मदद से 'लड़ाई किसी समस्या का समाधान नहीं' विषय पर **लेख** लिखें।

- अशांतिपूर्ण जीवन
- बुनियादी सुविधाओं का नाश
- बीमारियों का फैलाव
- पलायन

सूचना : 'राजा और विद्रोही' नाटक का यह अंश पढ़ें और 16 से 18 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

हेम : राजेन कहता है वह राजा बनेगा। वह खुद को सबसे बलवान मानता है। मगर मैं ऐसा नहीं समझता।

मति : यह सिर्फ़ खेल है। राजेन के राजा बनने में हर्ज क्या है ? बाद में तुम्हारी भी राजा बनने की बारी आएगी।

16. कौन अपने को सबसे बलवान मानता है ? 1

(क) उपेन (ख) मति (ग) राजेन (घ) सेनापति

17. वाक्य को आगे बढ़ाएँ। 2

(राजा का, नाटक में)

राजेन करता है।

राजेन अभिनय करता है।

....

....

18. मार्च 27 'विश्व थिएटर दिवस' है। इस अवसर पर आपके विद्यालय में हिंदी क्लब के नेतृत्व में 'राजा और विद्रोही' नाटक का मंचन होने वाला है। इसके लिए **पोस्टर** तैयार करें। 4